संख्या :- 390/77-6-14-13(एम) 12(बी)

प्रेषक,

आलोक रंजन,
अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उद्योग बन्धु,
12 सी माल एवेन्यू, लखनऊ

औद्योगिक विकास अनुभाग-6 लखनऊ : दिनांक 26 फरवरी, 2014

विषयः- प्रदेश के औद्योगिक विकास एवं निवेश आकर्षण हेतु कार्यक्रम एवं कार्य योजना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या 721/77-6-13-13(एम)/12(बी) दिनांक 15 जुलाई, 2013 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0 मंत्रि परिषद की दिनांक 26-02-2014 को सम्पन्न बैठक में प्रदेश के औद्योगिक विकास एवं निवेश आकर्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत इवेंट पार्टनर, मीडिया पार्टनर तथा डिज़ाइन एवं क्रियेटिव पार्टनर के चयन हेतु आर.एफ.पी. के प्रस्तावित विलेखो को अनुमोदित कर दिया गया है।

2- निवेश प्रोत्साहन तथा निवेश आकर्षण हेतु कार्यकम एवं भविष्य की कार्य योजना के संबंध में निम्नलिखित निर्णय भी लिए गये है : -

(1) दीर्घकालीन निवेश कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजनीय रोड-शोज़ एवं ग्लोबल इंवेर्स्टस सम्मिट के सफल आयोजन हेतु ईवेण्ट पार्टनर, मीडिया पार्टनर एवं डिजाइन एण्ड क्रिएटिव पार्टनर्स के चयन हेतु उद्योग बन्धु द्वारा प्रस्तावित आर. एफ.पी. (रिक्वेस्ट फॉर प्रोपोज़ल), जिसकी प्रतियॉ संलग्न है का निगर्मन किया जाए।

(2) आर.एफ.पी. के निर्गमन के पश्चात् आयोजनीय प्री-बिड मीट के दौरान प्राप्त होने वाले सुझावों पर विचार करने के साथ-साथ बिडर्स चयन हेतु जारी किए गए आर.एफ.पी. में संशोधन किया जाना सम्भावित है। अतः संशोधित आर.एफ.पी. पर अनुमोदन हेतु 'प्रोजेक्ट स्टीयरिंग कमेटी' की संस्तुति पर मा. मुख्यमंत्री जी अधिकृत होगें।

(3) मा. मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में ईवेन्ट आयोजित किए जाने हेतु निम्नवत् कैलेण्डर निर्धारित किया गया है :-

**कैलेण्डर-ऑफ-ईवेण्ट्स**

| क्रम सं. | शहर | रोड-शोज | प्रस्तावित तिथियां |
|---|---|---|---|
| 1. | नई दिल्ली/एन.सी.आर. | राष्ट्रीय स्तर | 11/12 जून 2014 |
| 2. | यू.एस.ए./यूरोप/कनाडा | अन्तर्राष्ट्रीय स्तर | 23 जुलाई-2 अगस्त, 2014 |
| 3. | बैंगलौर एवं हैदराबाद | राष्ट्रीय स्तर | 11-13 सितम्बर 2014 |
| 4. | मुम्बई /पुणे | राष्ट्रीय स्तर | 16 अक्टूबर 2014 |
| 5. | मिडिल ईस्ट | अन्तर्राष्ट्रीय स्तर | 24-29 नवम्बर, 2014 |
| 6. | एशिया पैसिफिक (जापान/कोरिया/ सिंगापुर/ताईवान) | अन्तर्राष्ट्रीय स्तर | 11-17 जनवरी 2015 |
| 7. | नई दिल्ली/ आगरा | **ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट** | 19-20 फरवरी 2015 |

उक्त कैलेण्डर-ऑफ-ईवेण्ट्स में यथावश्यकता संशोधन एवं अंतिम निर्धारण हेतु मा. मुख्यमंत्री जी अधिकृत होगें।

(4) नॉलेज पार्टनर का चयन दिनांक 01.08.13 को 18 माह की अवधि हेतु किया गया था जोकि 31.01.15 को समाप्त हो जाएगा। चूँकि ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन अब फरवरी 2015 में आहूत किया जाना निर्धारित है, अतः नॉलेज पार्टनर के कार्यकाल आवश्यकतानुसार विस्तारित किये जाने एवं देय अतिरिक्त फीस के निर्धारण हेतु 'प्रोजेक्ट स्टीयरिंग कमेटी' की संस्तुति पर मा. मुख्यमंत्री जी निर्णय हेतु अधिकृत होगे।

3- अतः अनुरोध है कि कृपया उपर्युक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(आलोक रंजन)
अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त।

संख्या :- 390(1)/77-6-14-13(एम) 12(बी) तद्‌दिनांक,

उपर्युक्त की प्रतिलिपि संलग्नकों सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्य मंत्री, उ0प्र0 शासन।
2. प्रमुख स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
3. विशेष सचिव, गोपन अनुभाग-1 ।
4. गार्ड फाइल/अनुभागीय आदेश पुस्तिका।

आज्ञा से,

(कंचन वर्मा) 26/2

विशेष सचिव।